# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
### 132ए, सिविल लाइन्स, इटावा
नियर पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688–796776
E-mail ID-
eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 2655 / ww-23 / 45 दिनांक : 01/07/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
इटावा।

**विषयः– डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 30.06.2026 को प्रकाशित ई–समाचार "जल जीवन मिशन टंकी निर्माण में लापरवाही का आरोप : पथर्रा में ग्रामीणों ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग, जेई ने दिया आश्वासन" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 30.06.2026 को प्रकाशित ई–समाचार "जल जीवन मिशन टंकी निर्माण में लापरवाही का आरोपः पथर्रा में ग्रामीणों ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग, जेई ने दिया आश्वासन" खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड चकरनगर के ग्राम पर्थरा पेयजल योजना की है। पथर्रा पेयजल योजना जल जीवन मिशन(फेज–3) कार्यक्रम के अर्न्तगत चयनित है। समाचार पत्र में प्रकाशित फोटोग्राफ, पर्थरा पेयजल योजना के निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशय का है।

पथर्रा पेयजल योजना के अर्न्तगत 125 किली०/15 मी० क्षमता का शिरोपरि जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत, वितरण प्रणाली के 7.233 किमी० के सापेक्ष 6.914 किमी० कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रगति पर, सोलर पैनल अधिष्ठापित कर दिये गये है। योजना पर लगभग 1.5 वर्ष से धनाभाव के कारण कार्य वाधित रहा है। वर्तमान में शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है, जिसकी तराई नियमानुसार टाट के बोरे बिछाकर की जा रही है(फोटोग्राफ संलग्न), तराई का कार्य 28 दिन तक किया जा रहा है एवं सूचना बोर्ड की रि–पेन्टिग का कार्य तीन दिवस में करा दिया जायेगा। योजना के समस्त निर्माण कार्य मानकानुसार एवं स्वीकृत डिजाइन/ड्राइंग के अनुसार किये गये है। योजना के समस्त कार्य निर्धारित अवधि मार्च 2027 तक पूर्ण कर लिये जायेंगे।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(के0के0 प्रजापति)
अधिशासी अभियन्ता


**पृ0सं0 एवं दिनांकः– तदैव।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता


GPS Map Camera
Google
पथर्रा, उत्तर प्रदेश, भारत
F6p5+57m, पथर्रा, उत्तर प्रदेश 206121, भारत
Lat 26.486363° Long 79.208063°
बुधवार, 01/07/2026 01:45 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
पथर्रा, उत्तर प्रदेश, भारत
F6p5+57m, पथर्रा, उत्तर प्रदेश 206121, भारत
Lat 26.486292° Long 79.208141°
बुधवार, 01/07/2026 01:44 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
पथर्रा, उत्तर प्रदेश, भारत
F6p5+57m, पथर्रा, उत्तर प्रदेश 206121, भारत
Lat 26.486445° Long 79.208013°
बुधवार, 01/07/2026 01:50 PM GMT +05:30

